# सीमा सुरक्षा बल, उत्तर बंगाल फ्रंटियर कदमतला, सिलीगुड़ी

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 17 मार्च 2022

## सीमा सुरक्षा बल के मुस्तैद जवानों ने भारत–बांग्लादेश सीमा से पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिक को मानवता के आधार पर बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश को सोंपा

श्री अजय सिंह, महानिरीक्षक, सीमा सुरक्षा बल, उत्तर बंगाल फ्रंटियर के नेतृत्व में सीमा सुरक्षा बल के जवान भारत–बांग्लादेश की सीमा पर मुस्तैदी से तैनात हैं ताकि राष्ट्र विरोधी तत्वों के तस्करी और घुसपैठ के किसी भी प्रयास को विफल किया जा सके। दिनांक 16 मार्च 2022 को पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले में भारत–बांग्लादेश सीमा पर तैनात 175 बटालियन के बॉर्डर आउट–पोस्ट चाँदगाँव के सतर्क जवानों ने एक बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा जब वह भारत बांग्लादेश सीमा को पार करने की कोशिश कर रहा था। पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिक की पहचान सोमोनता चंद्र रॉय (19 वर्ष) पुत्र गोपेन चंद्र रॉय, निवासी गाँव–कुमुरिया, डाकघर–बोरचुना, पुलिस चौकी–पीरगंज, जिला–ठाकुरगाँव, बांग्लादेश के रूप में की गई । पकड़े गये बांग्लादेशी नागरिको को सद्भावना के रूप में फ्लैग मीटिंग के दौरान बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश को सौंप दिया गया ।

पश्चिम बंगाल में भारत–बांग्लादेश सीमा पर तैनात उत्तर बंगाल फ्रंटियर, सीमा सुरक्षा बल की बटालियनें न केवल राष्ट्र विरोधी तत्वों के तस्करी और घुसपैठ के नापाक मंसूबों को विफल करने के लिए सीमा पर सतर्कता बरत रही है, बल्कि पड़ोसी देश से अच्छे संबंध बनाए रखने के प्रयास भी कर रही है। पिछले एक वर्ष के दौरान कुल 29 बांग्लादेशी नागरिकों ने अनजाने में उत्तर बंगाल फ्रंटियर के विभिन्न क्षेत्रों से अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार की जिन्हें मानवता के आधार पर बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश को सौंप दिया गया ।

---